लोगों को कैसे प्रभावित किया जाए

लोगों को प्रभावित कैसे करें

अपने जीवन में बदलाव लाएँ

जॉन सी. मैक्सवेल

एवं जिम डॉर्नन

अनुवाद : **नीलम भट्ट**

MANJUL

मंजुल पब्लिशिंग हाउस

लीडरशिप एक्सपर्ट जॉन सी. मैक्सवेल कहते हैं, ''प्रभाव से बहुत फर्क पड़ता है और प्रभाव को पैदा किया जा सकता है।''

लोगों को प्रभावित कैसे करें एक प्रशिक्षक की रणनीति पुस्तक, किसी धर्मगुरु की मार्गनिर्देशिका और किसी माता-पिता की जीवनरेखा है। प्रबंधक से शिक्षक तक, सेल्समैन से सीईओ तक, प्रभाव का विकास और उसे निर्देशित करना अत्यंत आवश्यक है। आप पाएँगे कि अपने आस-पास के लोगों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करना इस जटिल जीवन के कई क्षेत्रों में सच्ची सफलता प्राप्त करने का एकमात्र उपाय है।

लोगों को प्रभावित कैसे करें बहुत अंतरंग और निजी शैली में लिखी गई है, जो डॉ. मैक्सवेल के सेमिनारों को इतना सफल और प्रेरक बनाती है।

आपका प्रभाव किस पर सबसे अधिक है? किस पर सबसे कम है? आपका प्रभाव सकारात्मक है या नकारात्मक? अपने लक्ष्यों को बेहतर ढंग से पाने और अन्य लोगों को उनके लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करने में आप अपने प्रभाव के स्तर को कैसे बढ़ा सकते हैं? ये सभी प्रश्न *लोगों को प्रभावित कैसे करें* के मूल तत्व हैं। इनके जवाब आपका दृष्टिकोण बदल देंगे और डॉ. मैक्सवेल की तकनीकें आपके जीवन को परिवर्तित कर देंगी। अपने सकारात्मक प्रभाव की शक्ति के द्वारा आप अकल्पनीय व्यक्तिगत व संगठनात्मक सफलता की यात्रा प्रारंभ कर सकते हैं।

उन सभी को, जिन्होंने हमारे जीवन पर प्रभाव डाला है,
विशेषकर एरिक डॉर्नन को,
जिनके जीवन, अनुभव और रवैये ने किसी
भी चीज़ की तुलना में लोगों को सकारात्मक
रुप से प्रभावित करने की
जिम और नैन्सी की क्षमता में सबसे अधिक
योगदान दिया है।

विषय-सूची

परिचय

1. प्रभाव डालने वाले व्यक्ति में... लोगों के प्रति समग्रता होती है

2. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों का विकास करता है

3. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों में विश्वास रखता है

4. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों की बात सुनता है

5. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों को समझता है

6. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों का विस्तार करता है

7. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों का मार्गनिर्देशन करता है

8. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों से जुड़ता है

9. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... लोगों को सशक्त करता है

10. प्रभाव डालने वाला व्यक्ति... अन्य प्रभावकारियों को तैयार करता है

आभार

नोट्स

लेखक-परिचय

परिचय

जब आप छोटे थे, तो बड़े होकर क्या बनने की कल्पना करते थे? प्रसिद्ध कलाकार बनने का सपना देखते थे या फिर गायक बनने का? या फिर अमेरिका का राष्ट्रपति बनना चाहते थे? हम सबके सपने और महत्त्वाकांक्षाएँ होती हैं। निस्संदेह आप अपने कुछ सपने तो पूरे कर चुके होंगे। लेकिन आप चाहे कितने भी कामयाब हों, आपके कुछ लक्ष्य तो ऐसे हैं, जिनका पूरा होना अब भी बाकी है। हम चाहते हैं कि आपके सपनों को साकार करने में और आपकी क्षमता का पूरा उपयोग करने में हम आपकी मदद करें।

तो एक छोटे से प्रयोग से शुरुआत करते हैं। नीचे दी गई सूची पर नज़र डालें। देखते हैं कि क्या आप जान पाते हैं कि इन सबमें कौन सी बात समान है।

जॉन ग्रीशम

जॉर्ज गैलप

रॉबर्ट ई. ली

नामुकान्गा सुह

जेम्स डॉबसन

ब्रायन विलियम्स

मेडॉना

ऐलेक्स रॉड्रिग्ज़

जेरी और पैटी बोमांट

रिच डेवोस

मदर टेरेसा

बेथ मायर्स

पाब्लो पिकासो

अडॉल्फ हिटलर

टाइगर वुड्स

ऐंथनी बॉनाकर्सी

एलानिस मॉरिसेट

ग्लेन लेदरवुड

बिल क्लिंटन

जॉन वेस्ली

आर्नोल्ड श्वॉर्ज़नेगर

क्या आप समझ पाए कि इनमें क्या समान है? इनमें से कुछ लोग प्रसिद्ध हैं और शायद आपने उनके नाम भी पहचान लिए हों। लेकिन आपने बाकी लोगों के नाम कभी नहीं सुने होंगे।

उत्तर यह है कि *इनमें से हर कोई प्रभाव डालने वाला व्यक्ति है।*

हर किसी का प्रभाव होता है

हमने यह सूची बिना किसी विशेष उद्देश्य के बनाई, हमने प्रसिद्ध लोगों के साथ साथ अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी से भी लोगों का चुनाव किया। आप भी आसानी से ऐसा कर सकते हैं। हमने एक बात स्पष्ट करने के लिए ऐसा किया : हर व्यक्ति अन्य लोगों पर प्रभाव डालता है। इस बात से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि आप कौन हैं या आप क्या काम करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जैसे राजनेता का न केवल अपने देश के, बल्कि पूरी दुनिया के लाखों करोड़ों लोगों पर पर ज़बरदस्त असर पड़ता है। लोगों का मनोरंजन करने वालों का प्रभाव एक या उससे अधिक संस्कृतियों की पूरी पीढ़ी पर पड़ता है। ग्लेन लेदरवुड जैसे शिक्षक ने, जिन्होंने सन्डे स्कूल में जॉन और अन्य लड़कों को प्रशिक्षित किया, अपने विद्यार्थियों की ज़िंदगी और अप्रत्यक्ष रुप से उन लोगों